पंजाब केसरी 12/09/2025

# स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो भाषण की वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम



*जी.एम.एन. कॉलेज में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो भाषण की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 11 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में संस्कृत विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो भाषण की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और उनके द्वारा 11 सितम्बर 1893 को शिकागो में दिए गए प्रेरणादायक भाषण के महत्व से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनका भाषण न केवल भारतीय संस्कृति की गरिमा को विश्व मंच पर स्थापित करने वाला था, बल्कि यह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डा. अनीश ने स्वामी विवेकानंद के भाषण की पृष्ठभूमि, उसमें निहित भारतीय दर्शन और आज के संदर्भ में उसकी उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी समाज के निर्माण में मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं।

कार्यक्रम की संयोजिका संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. प्रियंका बालदिया ने छात्रों को स्वामी विवेकानंद के साहित्य को पढ़ने और आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।